# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 2053-59 / 02 / एके0 / MSU / 2021–22 दिनांकः 1-12-2022

## सूचना

उत्तर प्रदेश सचिवालय स्तर पर पुनर्गठित उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग में विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा(राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ से प्राप्त संलग्न पत्रांक –341 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022–22 / 2002, दिनांक : 30 नवम्बर, 2022 के तारतम्य में एतदद्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि यथा वांछित अर्हताधारी अभ्यर्थी उक्त पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन हेतु आवेदन कर सकते है।

कुलसचिव

संलग्नक–यथोपरि।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया समस्त सम्बन्धित को अपने स्तर से उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराने का कष्ट करें।
02. निजी सचिव, प्रमुख सचिव / विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को प्रमुख सचिव / विशेष सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
03. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज।
04. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0, क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं0–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ।
05. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश, राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
06. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ / सहारनपुर मण्डल।
07. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के अनुमोदन एवं संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

संख्या–341 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022–22 / 2002

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति / कुलसचिव,
राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग** **लखनऊः दिनांक 30 नवम्बर, 2022**

विषयः– उत्तर प्रदेश सचिवालय स्तर पर पुनर्गठित उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग में विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में रा0से0यो0को0 के सफल संचालन हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार शासन स्तर पर उच्च शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है, जिसमें न्यूनतम वेतन मैट्रिक्स लेवल–12 (पे बैण्ड रू0 15,600–39,100 ग्रेड पे 7600) के पद पर विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी का एक पद सृजित है, जिसके लिए भारत सरकार के मैनुअल के प्रस्तर 1.6 में निम्नलिखित अर्हताएं निर्धारित की गयी हैः–

(a) He/she should have served as Programme Coordinator in the University or Programme Officer in a College at least for four years continuously

(b) He/she should possess the academic qualifications for being appointed as Progr amme Coordinator as prescribed by the Department of Youth Affairs &Sports, Government of India.

(c) He/she should have interest in Youth work in particular and social work in general.

2– उक्त पद पर चयन प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उक्त नियुक्ति सेवा स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति के आधार पर मूलतः दो वर्षों के लिये की जाएगी, जिसे कार्यकुशलता के आधार पर अग्रेतर दो वर्षों के लिये बढ़ाया जा सकता है।

3– उक्त पद धारक को उसके वेतन के अतिरिक्त मंहगाई व अन्य भत्ते, जो भी उन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुमन्य हों, देय होगे।

4— अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त पद पर कार्य करने के इच्छुक अपने विश्वविद्यालय तथा उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत अभ्यर्थियों के पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र नियंत्रक प्राधिकारी/प्रधानाचार्य/कुलसचिव के माध्यम से दिनांक–20 दिसम्बर, 2022 तक शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। दिनांक–20 दिसम्बर, 2022 के पश्चात आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र ई–मेल–**snoupnss@gmail.com** पर भी प्रेषित किए जा सकते हैं, परन्तु उसकी हार्ड कापी श्री गिरिजेश कुमार त्यागी, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय कक्ष संख्या–03, सचिव भवन, सचिवालय में दिनांक–20 दिसम्बर, 2022 तक उपलब्ध कराई जानी होगी।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

**संख्या– 341 (1)/सत्तर–रा0से0यो0को0–2022–22/2002ए तद्दिनांक।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अवर सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय युवा कार्यक्रम विभाग (एन0एस0एस0 अनुभाग) शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001।
2– निजी सचिव, प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को प्रमुख सचिव/विशेष सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
3– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज को इस आंशय से प्रेषित की वह समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को तुरन्त आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें कि वे उपर्युक्त अभ्यर्थियों के प्रार्थना–पत्र अपनी संस्तुति सहित दिनांक–20 दिसम्बर, 2022 के भीतर शासन को उपलब्ध करा दें।
4– क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0, क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं0–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ।
5– अपर सचिव, उच्च शिक्षा परिषद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त आदेश को उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को इस आशय से कि प्रेषित कि अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु।
7– उच्च शिक्षा समस्त अनुभाग, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।

आज्ञा से,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

## आवेदन का प्रारूप

**विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप :–**

(1) आवेदक का नाम – ........ ................
(2) जन्मतिथि – ........ ................
(3) वर्तमान पद तथा वेतनक्रम – ........ ................
(4) शैक्षिक योग्यता – ........ ................

| क0सं0 | परीक्षा का नाम | वर्ष | संस्था | विषय | उत्तीर्ण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | |
| 3 | बी0ए0 / बी0एस0सी0 / बी0काम | | | | |
| 4 | एम0ए0 / एम0एस0सी0 / एम0काम | | | | |
| 5 | अन्य / पी0एच0डी0 | | | | |

(5) अध्यापक के रूप में नियुक्ति की प्रथम तिथि –
(6) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत वि0वि0 महाविद्यालय, जहाँ कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्य किया हो। –
(7) कार्य का अनुभव –
(अ) कार्यक्रम अधिकारी के रूप में –
(ब) कार्यक्रम समन्वयक के रूप में –
(8) कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी के रूप में किये गये उल्लेखनीय कार्यों का विवरण:–
(9) समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य –
(10)टी0ओ0सी0 / टी0ओ0आर0सी0 द्वारा आयोजित ओरियेन्टेशन / रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया (प्रमाण पत्र सहित) – हाँ / नहीं
(11) कार्यरत् संस्था का नाम व स्थानीय पता –
(12) अन्य विवरण –

प्राचार्य / कुलसचिव की संस्तुति ....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

**नोट:–** जन्मतिथि / रीडर अथवा वरिष्ठ प्रवक्ता / कार्यक्रम समन्वयक / कार्यक्रम अधिकारी / टी0ओ0सी0 द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र (सभी प्रमाण पत्र) का साक्ष्य प्रस्तुत किया जाय।